पंजाब केसरी 21/05/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में 'जी.एम.एम. स्टार्टअप व इंक्यूबेशन सैंटर' का उद्घाटन

अम्बाला, 20 मई (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में मंगलवार को प्रसिद्ध दवा व्यवसायी प्रदीप खेड़ा ने विद्यार्थियों के लिए 'जी.एम.एम. स्टार्टअप व इंक्यूबेशन सैंटर' का विधिवत उद्घाटन किया। व्यवसायी अनुज अग्रवाल कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे।



• गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 'जी.एम.एम. स्टार्टअप व इंक्यूबेशन सैंटर' का उद्घाटन करते व्यवसायी प्रदीप खेड़ा एवं अनुज अग्रवाल। साथ में हैं प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

अपने संबोधन में दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और नवाचार के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि प्रदीप खेड़ा ने कहा कि भारत के युवा आज केवल नौकरी ढूंढने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनने की क्षमता रखते हैं। इस प्रकार के इंक्यूबेशन सैंटर उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने में मील का पत्थर साबित होंगे।

कॉलेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान डा. गुरदेव सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उन्हें व्यावहारिक कौशल देना है, ताकि वे पढ़ाई के साथ-साथ आय अर्जन भी कर सकें। गवर्निंग बॉडी के महासचिव अजय अग्रवाल व जी.एम.एन. ट्रस्ट एंड मैनेजमैंट सोसायटी के प्रेसिडैंट जसवंत जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए यह एक छोटा, परंतु सार्थक कदम है।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि 'जी.एम.एम. स्टार्टअप व इंक्यूबेशन सैंटर' युवाओं में स्वरोजगार और नवाचार की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि यह पूरा स्टार्टअप सैंटर जी.एम.एन. कॉलेज के अंतर्गत संचालित होगा, जहां विद्यार्थियों को न केवल प्रशिक्षण मिलेगा, बल्कि उन्हें बाजार के लिए तैयार उत्पाद और सेवाएं देने का मंच भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर कपिल मदान, डा. प्रबलीन कौर, श्याम रहेजा, डा. तृप्ति शर्मा एवं स्टार्टअप सैंटर से जुड़े अन्य प्राध्यापकगण शामिल रहे।